# समाचार वाणी

**ख़बर जो करें असर !**

**नाशिक** | **Tuesday, 22 September 2026**


# फिर से मिडिल क्लास की पहुंच से दूर हो रहा सोना, 24 कैरेट के 10 ग्राम की कीमत 99,710 रुपये के पार।


Publisher



Published on 14 Jul 2025




**सोने की कीमते नंई ऊंचाई की ओर, 24 कैरेट सोना अब तक के रिकॉर्ड से केवल ₹1,970 दूर ; जाने क्या है आज का गोल्ड रेट और क्यों बढ़ रही है तेजी।**

**नई दिल्ली, 14 जुलाई 2025:** भारत में **सोने की कीमते एंक बार फिर मिडिल क्लास की पहुंच से बाहर होती नजर आ रही है।** 24 कैरेट सोना **अब 99,710 रुपये प्रति 10 ग्राम** के पार पहुंच चुका है और अपने अब तक के रिकॉर्ड हाई **101,680 रुपये से मात्र 1,970 रुपये** दूर है। **22 कैरेट और 18 कैरेट** सोने के दामों में भी लगातार तेजी देखी जा रही है।

**सोना बना निवेशकों की पहली पसंद**

**ग्लोबल ट्रेड टेशंन,** खासकर **डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ फैसलों** और **ब्राजील-कनाडा** जैसे देशों के साथ व्यापार विवादों ने सोने को एक बार फिर निवेशकों का पसंदीदा विकल्प बना दिया है। **14 जुलाई** की सुबह हाजिर **सोने की कीमत 3,364.12 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस** तक पहुंच गई, जो पिछले दिन से **0.22%** अधिक है।

**कमोडिटी एनालिस्ट जतीन त्रिवेदी** (**LKP सिक्योरिटीज**) के मुताबिक, "अब सोने को 95,000 से 95,500 रुपये के स्तर पर मजबूत सपोर्ट मिल रहा है, जबकि 99,500 के पास रजिस्टेंस बना हुआ है।"

**आज के दिन भारत मे संोने की कीमते (14 जुलाई 2025)**

| **कैरेट** | **प्रति 10 ग्राम कीमत** | **प्रति 100 ग्राम कीमत** |
|---|---|---|
| 24K | ₹99,710 | ₹9,97,100 |
| 22K | ₹91,400 | ₹9,14,000 |

| | | |
|---|---|---|
| 18K | ₹74,790 | ₹7,47,900 |

बीते दिनों का भाव: तेजी और गिरावट दोनों का दौर

१. **12 जुलाई :** ₹7,100 प्रति 100 ग्राम की तेजी
२. **11 जुलाई :** ₹6,000 की बढ़ोतरी
३. **10 जुलाई :** ₹2,200 की तेजी
४. **9 जुलाई :** ₹6,600 की गिरावट
५. **8 जुलाई :** ₹5,400 की गिरावट
६. **7 जुलाई :** ₹5,400 की गिरावट

अब तक का ऑल टाइम हाई:

१. **10 ग्राम 24 कैरेट :** ₹1,01,680
२. **100 ग्राम 24 कैरेट :** ₹10,16,800
३. वर्तमान मूल्य के अनुसार, **नई रिकॉर्ड ऊंचाई तक पहुंचने के लिए केवल ₹1,970 (10 ग्राम)** और **₹19,700 (100 ग्राम) की तेजी** और चाहिए।

**वैश्विक कारक बन रहे है तेजी की वजह**

**ट्रंप** के टैरिफ की धमकियों के कारण अमेरिका और अन्य देशों के बीच व्यापार असंतुलन की संभावना ने बाजारों में अनिश्चितता को बढ़ा दिया है। वहीं, **मिडल ईस्ट** में तनाव कम होने के बाद आई कुछ गिरावट अब वापस तेजी में बदल गई है।

आंकड़ों के मुताबिक, भले ही पिछले महीने सोने की कीमतों में **0.59%** की गिरावट आई थी, लेकिन एक साल पहले की तुलना में अभी भी **38.87%** ज्यादा है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.